प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 14.12.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार के विजेताओं को किया सम्मानित, कहा– ऊर्जा संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता।
2. झारखंड दौरे पर आए भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग का लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर जोरदार हमला, कांग्रेस ने किया पलटवार।
3. जगुआर आइजी नक्सल विरोधी अभियान की करेंगे समीक्षा, राज्य के पांच जिलों के एसआरई योजना से मुक्त होने के बाद सुरक्षा बलों की तैनाती की स्थिति का करेंगे मूल्यांकन।
4. नागरिकों को स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के उदेश्य से बीएसएल की अनोखी पहल, बोकारो में हैप्पी स्ट्रीट का हुआ शुभारंभ।
5. झारखंड राज्य अंतर जिला और स्टेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप आज से रांची में शुरु, 12 जिलों के लगभग 200 खिलाड़ी ले रहे हैं हिस्सा।

************************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया। उन्होंने ऊर्जा संरक्षण संबंधी राष्ट्रीय चित्रकारी प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ऊर्जा संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

************************

झारखंड दौरे पर आए भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी झूठ और भ्रम फैला कर भारत को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं।

************************

इधर, कांग्रेस ने भाजपा पर पलटवार किया है। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा है कि राहुल गांधी विपक्ष में रहकर भी देश के प्रति अपना दायित्व निभा रहे हैं।

************************

झारखंड जगुआर के आइजी अनूप बिरथरे माओवादी विरोधी अभियान और विधि व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। पुलिस मुख्यालय के आदेश पर आइजी विभिन्न जिलों के एसपी के साथ बैठक करने वाले हैं। वे रांची, दुमका, पलामू, चाईबासा, हजारीबाग और बोकारो जिले के एसपी के साथ अलग–अलग दिन समीक्षा बैठक करेंगे। उन पांच जिलों की भी समीक्षा की जायेगी, जिन्हें केन्द्र ने हाल ही में सेक्यूरिटी रिलेटेड एक्सपेंडीचर–एसआरई योजना से मुक्त किया गया है। इस दौरान वे जिलों में सुरक्षा बलों की तैनाती की वर्तमान स्थिति का भी मूल्यांकन करेंगे।

************************

जमशेदपुर के सीतारामडेरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक हत्या की गुत्थी को सुलझा ली है। इस मामले में हथियार समेत तीन आरोपी गिरफ्तार किये गये हैं। पुलिस ने बताया कि आपसी रंजिश में इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया था। उधर, बिष्टुपुर थाना क्षेत्र में लूट मामले में ऑटो चालक और खलासी पकड़े गये हैं। इन दोनों ने एक शख्स से सुनसान जगह पर चाकू की नोक पर मारपीट कर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था। विशेष जांच टीम ने विभिन्न साक्ष्यों की मदद से इन्हें धर दबोचा। पुलिस ने लुटा गया मोबाइल भी बरामद कर लिया है।

************************

बोकारो स्टील प्लांट प्रबंधन ने आज से हैप्पी स्ट्रीट के चौथे संस्करण की शुरुआत की है। इसका आयोजन 4 जनवरी तक प्रत्येक रविवार को होगा। हैप्पी स्ट्रीट कार्यक्रम का उद्घाटन राउरकेला स्टील प्लांट के डायरेक्टर इंचार्ज सह बोकारो स्टील के प्रभारी डीआई आलोक वर्मा और उपायुक्त अजय नाथ झा ने संयुक्त रूप से किया। श्री वर्मा ने बताया कि हैप्पी स्ट्रीट का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

************************

पलामू जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केद्रो में बेबी केयर यूनिट खोले जाएंगे।

************************

रांची सर्राफा बाजार में आज 22 कैरट सोने का भाव एक लाख 24 हजार 200 रूपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी एक लाख 98 हजार रूपये प्रतिकिलो है।

************************

राज्यभर में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। पिछले 24 घंटे के दौरान राजधानी रांची में न्यूनतम तापमान 6 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो राज्य में सबसे कम रहा। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार आगामी 19 दिसंबर तक मौसम के शुष्क रहने का पूर्वानुमान है।

************************

पूर्वी सिंहभूम स्थित सीएम स्कूल फॉर एक्सीलेंस, साकची की 11वीं कक्षा की छात्रा दिव्य रत्न को झारखंड ई–शिक्षा महोत्सव की जिला स्तरीय आईसीटी चौंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने उन्हें स्वर्ण पदक, स्मार्ट वॉच एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा प्रखंड स्तर पर प्रथम आने पर शिक्षा विभाग द्वारा उन्हें पदक, स्कूल बैग और प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

************************

राजधानी रांची में आयोजित झारखंड टी–10 ब्लास्ट क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब राव अकादमी ने जीत लिया है। मेकॉन स्टेडियम में खेले गये फाइनल मुकाबले में राव अकादमी ने बास्को टीम 11 को हराया। टूर्नामेंट के समापन समारोह में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मौके पर झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजयनाथ शाहदेव ने कहा कि राज्य के खिलाड़ियों को उचित प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जा रहा है।

************************

राजधानी रांची के हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आज से झारखंड राज्य अंतरजिला एवं स्टेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप शुरु हो गयी है। चार दिवसीय इस चैंपियनशिप में राज्य के 12 जिलों के लगभग 200 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। मौके पर मौजूद बिहार टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह ने कहा कि चैंपियनशिप में खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा, खेल कौशल और खेल भावना का प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा।

************************